अध्याय -10 | मन्नू भंडारी

QUIZ-01

1. एक कहानी यह भी' पाठ में किसकी कहानी वर्णित है?
   A. मन्नू भंडारी की
   B. यशपाल
   C. यतींद्र मिश्र की
   D. मृदुला गर्ग की (A)

व्याख्या : एक कहानी यह भी' आत्मकथात्मक पाठ है जिसमें प्रसिद्ध लेखिका मन्नू भंडारी ने अपने जीवन की घटनाएँ साझा की हैं।

2. लेखिका के पिता अजमेर से पूर्व कहाँ रहते थे?
   A. जयपुर
   B. इंदौर
   C. अहमदाबाद
   D. उदयपुर (B)

व्याख्या : अजमेर से पूर्व इंदौर में रहते थे जहाँ उनका व्यापार था, व्यापार में घाटा होने के कारण वे अजमेर आए ।

3. लेखिका मन्नू भंडारी को लेखन की प्रेरणा किससे मिली?
   A. अपने पिता से
   B. हिन्दी प्रध्यापिका से
   C. (A) और (B) दोनों
   D. इनमें कोई नहीं (C)

व्याख्या : मन्नू भंडारी को लेखन की प्रेरणा उनके विद्वान पिता और हिंदी की अध्यापिका दोनों से मिली।

4. . लेखिका के पिता द्वारा लिखे गए शब्दकोश से उन्हें किसकी प्राप्ति हुई?
   A. धन एवं संपदा की
   B. मंगला पारितोष पुरस्कार की
   C. सरकार द्वारा सम्मान की
   D. यश और प्रतिष्ठा की (D)

व्याख्या : उनके पिता द्वारा तैयार किए गए शब्दकोश के कारण उन्हें समाज में यश और प्रतिष्ठा मिली।

5. देश की आजादी के आंदोलन में लेखिका ने क्या-क्या कार्य किए थे?
   A. जुलूस में भाग लिया
   B. भाषण दिया
   C. कॉलेज में छात्राओं से हड़ताल करवाई
   D. इनमें सभी (D)

व्याख्या : लेखिका मन्नू भंडारी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सभी दिए गए कार्यों में सक्रिय भाग लिया।

6. लेखिका के पिता के क्रोध के क्या कारण बताए गए हैं?
   A. नवाबी आदतें
   B. अधूरी महत्त्वाकांक्षाएँ
   C. हमेशा शीर्ष पर रहने के बाद हाशिए पर चला जाना
   D. इनमें सभी (D)

व्याख्या : पाठ में स्पष्ट किया गया है कि लेखिका के पिता के क्रोध का कारण उनके व्यक्तित्व में आई ये सारी बातें थीं।

7. लेखिका की माँ हमेशा भयभीत क्यों रहती थी?
   A. समाज के लोगों के डर के कारण
   B. पिताजी के आर्थिक नुकसान के कारण
   C. अपने भविष्य की चिंता के कारण
   D. पिताजी के क्रोध के कारण (D)

व्याख्या : लेखिका की माँ का भय उनके पति यानी लेखिका के पिता के गुस्सैल स्वभाव के कारण था।

8. फ्लैट संस्कृति का क्या परिणाम हुआ?
   A. हमारी सोच विस्तृत एवं व्यापक हुई
   B. हम एक-दूसरे से दूर हो गए
   C. हम स्वयं के विषय में सोचना भूल गए
   D. इनमें सभी (B)

व्याख्या : लेखिका ने बताया है कि फ्लैट संस्कृति के आने से लोग एक-दूसरे से कटने लगे और पड़ोस का भाव समाप्त हो गया।

9. लेखिका के पिताजी के कौनसे मित्र ने लेखिका के भाषण की तारीफ़ की।
   A. दकियानूसी मित्र
   B. डॉक्टर अंबालालजी
   C. प्राध्यापिका शीला अग्रवाल
   D. प्रधानाध्यापक अनिल (B)

व्याख्या : डॉक्टर अंबालालजी ने मन्नू का भाषण चौराहे पर सुना और उन्होंने घर आकर लेखिका के पिता के सामने मन्नू की तारीफ़ की।है।

10. लेखिका को अपने अस्तित्व का अहसास कब हुआ?
    A. आंदोलन में भाग लेने पर
    B. पिता से बहस करने पर
    C. बड़ी बहन तथा भाई की छत्रछाया हटने पर
    D. माँ से दूर जाने पर (C)

व्याख्या : लेखिका को अपने अस्तित्व का बोध तब हुआ जब उनके ऊपर से बड़ी बहन और भाई का संरक्षण हट गया और उन्होंने स्वयं निर्णय लेने शुरु किए।

DESH KA APNA SCHOOL